नव भारत

## एक नजर में

### रक्षाबंधन का श्रेष्ठ मुहूर्त

उज्जैन. रक्षाबंधन का श्रेष्ठ मुहूर्त 9 अगस्त को सुबह 06.15 बजे से दोपहर 01.24 बजे तक है. इस दौरान भद्रा का कोई साया नहीं रहेगा, जो राखी बांधने के लिए शुभ माना जाता है. ज्योतिर्विद पं अजय कृष्ण शंकर व्यास उज्जैन के मत से इस वर्ष रक्षाबंधन पर सौभाग्य और शोभन जैसे शुभ योग बन रहे हैं, जो इसे और भी खास बनाते हैं. साथ ही सर्वार्थ सिद्धि सौभाग्य: योग भी बन रहा है, जिसे किसी भी मांगलिक काम के लिए सर्वोत्तम माना जाता है. भद्रा का वास जिस लोक में होता है, उसका प्रभाव भी उसी लोक में होता है. पृथ्वी पर भद्रा को अशुभ माना जाता है और शुभ कार्यों के लिए इसे वर्जित माना गया है. हालांकि, स्वर्ग और पाताल लोक में भद्रा का प्रभाव पृथ्वी जितना अशुभ नहीं होता है.

### केंद्र ने आयकर विधेयक 2025 वापस लिया

नई दिल्ली. केंद्र सरकार ने आयकर विधेयक 2025 को वापस लेने का फैसला किया है. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को लोकसभा में यह प्रस्ताव रखा, जिसे विपक्ष के शोर-शराबे के बीच मंजूरी मिली. अब इसे संशोधित रूप में, चयन समिति की सिफारिशों के आधार पर, संसद में दोबारा पेश किया जाएगा. 31 सदस्यीय चयन समिति, जिसकी अध्यक्षता भाजपा सांसद बैजयंत पांडा कर रहे थे, ने 21 जुलाई को अपनी 4,584 पन्नों की रिपोर्ट लोकसभा में प्रस्तुत की थी. समिति ने 566 सुझाव दिए, जिनका उद्देश्य 1961 के मौजूदा आयकर अधिनियम की भाषा और ढांचे को सरल बनाना है.

### केन्या विमान दुर्घटना में छह लोगों की मौत

नैरोबी. केन्या की राजधानी नैरोबी के पास हुए एक विमान हादसे में छह लोगों की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए. किआम्बू काउंटी के आयुक्त हेनरी वाफुला ने यह जानकारी दी. वाफुला ने संवाददाताओं से कहा, छह लोगों की मौत हो गई. दो गंभीर रूप से घायल हैं. पुलिस प्रमुख ने बताया कि पीड़ितों में विमान में सवार चिकित्साकर्मी और उस इमारत के अंदर मौजूद लोग शामिल हैं, जिसमें विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ था. सिटीजन टीवी प्रसारक ने बताया कि एएमआरईएफ फ्लाइंग डॉक्टर्स द्वारा संचालित एक हल्का विमान, जो एक एयर एम्बुलेंस है.

### राज्यसभा की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित

नयी दिल्ली. राज्यसभा में शुक्रवार को प्रश्नकाल के दौरान भी विपक्ष के जोरदार हंगामे के कारण कोई कामकाज नहीं हो सका और कार्यवाही पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई. कांग्रेस समेत विपक्षी दल मतदाता सूची पुनरीक्षण और अन्य मुद्दों पर कार्यस्थगन प्रस्ताव की मांग कर रहे थे. शून्यकाल में पहले स्थगन के बाद दोपहर 12 बजे कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष ने शोर-शराबा तेज कर दिया. पीठासीन उपसभापति घनश्याम तिवाड़ी ने व्यवस्था बनाए रखने की अपील की, लेकिन कांग्रेस के प्रमोद तिवारी द्वारा औचित्य का प्रश्न उठाने की कोशिश को अनुमति नहीं मिली.

## गुस्ताखी माफ




# ऊर्जा से लेकर भोजन तक राहत

**52,667** करोड़ रुपये की लागत वाले कैबिनेट बैठक में लिए पांच अहम फैसले | **4,500** करोड़ आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर को उन्नत करने दिए | **30,000** करोड़ का सस्ती रसोई योजना के लिए प्रावधान

**नई दिल्ली,08 अगस्त. देश के विकास एजेंडे को नई ऊंचाई देने के लिए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव की अगुवाई में बुधवार को हुई कैबिनेट बैठक में 52,667 करोड़ रुपये की लागत वाले पांच अहम फैसलों को मंजूरी दी गई. इन निर्णयों से बुनियादी ढांचा, तकनीकी क्षमता, सामाजिक सुरक्षा और जनकल्याण को नई गति मिलने की उम्मीद है.**

राज्यों को डिजिटल गवर्नेंस, ई-सेवा और आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर को उन्नत करने के लिए 4,500 करोड़ रुपये दिए जाएंगे.

तमिलनाडु में फोर लेन हाईवे परियोजना के लिए 2,157 करोड़ रुपये और असम-त्रिपुरा में सड़क एवं कनेक्टिविटी परियोजनाओं के लिए 4,250 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई. विशेषज्ञों का मानना है कि इन निवेशों से पूर्वोत्तर और दक्षिण भारत में औद्योगिक व व्यापारिक गतिविधियों में तेजी आएगी.

अश्विनी वैष्णव ने कहा, ये फैसले सिर्फ कागज़ पर लिखे आंकड़े नहीं, बल्कि लोगों के जीवन में बदलाव का रोडमैप हैं. इससे रोजगार, उद्योग और सामाजिक कल्याण-तीनों को गति मिलेगी. आर्थिक जानकारों के अनुसार यह पैकेज जनकल्याण और इंफ्रास्ट्रक्चर-दोनों में संतुलित निवेश का उदाहरण है. जहां महंगाई के दौर में गरीब व मध्यम वर्ग को तात्कालिक राहत मिलेगी, वहीं सड़कों, तकनीकी ढांचे और औद्योगिक संपर्क को लंबी अवधि में मजबूती मिलेगी.



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने घरेलू एलपीजी की बिक्री पर हुए घाटे की भरपाई के लिए इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम को 30,000 करोड़ रुपये के मुआवजे को मंजूरी दी. यह राशि पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के माध्यम से 12 किस्तों में वितरित होगी. टेक्निकल एजुकेशन संस्थानो के लिए कैबिनेट की बैठक में 4200 करोड़ के बजट को मंजूरी दी गई.


सरकार ने कहा कि यह कदम सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों की वित्तीय स्थिरता बनाए रखने के साथ उपभोक्ताओं को अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा बाजार के उतार-चढ़ाव से बचाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है. एलपीजी की अंतरराष्ट्रीय कीमतें 2024-25 में ऊंची बनी रहीं, लेकिन इसका बोझ घरेलू उपभोक्ताओं पर नहीं डाला गया, जिससे तीनों कंपनियों को भारी नुकसान हुआ.

मुआवजा मिलने से कंपनियां कच्चे तेल व एलपीजी की खरीद, ऋण चुकाने और पूंजीगत व्यय जैसी जरूरतें पूरी कर पाएंगी. सरकार ने स्पष्ट किया कि यह कदम प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों सहित सभी उपभोक्ताओं को किफायती और स्वच्छ ईंधन उपलब्ध कराने के उद्देश्य को मजबूत करेगा. देश में अब तक पीएमयूवाई के तहत 10.33 करोड़ एलपीजी कनेक्शन वितरित किए जा चुके हैं.

### 1,200 करोड़ का अतिरिक्त बजट स्वीकृत



उज्ज्वला योजना को मजबूती देने के लिए 1,200 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बजट स्वीकृत हुआ, जिससे लाखों गरीब परिवारों को स्वच्छ ऊर्जा और गैस कनेक्शन की सुविधा तेजी से मिलेगी। वहीं, सस्ती रसोई योजना के लिए रिकॉर्ड 30,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग को कम कीमत पर भोजन मिलेगा।



रक्षाबंधन मना रहे है!

## बेबस नदी में चार युवक डूबे, तलाश जारी

**सागर.** जिले के सानौधा थाना क्षेत्र अंतर्गत रिछावर के पास बेबस नदी में शुक्रवार शाम चार युवक डूब गए. जानकारी के अनुसार, पांच युवक पिकनिक मनाने यहां पहुंचे थे, जो सागर के केंट थाना क्षेत्र के खुशीपुरा और रिछावर के निवासी हैं.

नदी में नहाने के दौरान तेज बहाव में चार युवक बह गए, जबकि एक युवक सुरक्षित निकलकर गांव पहुंचा और घटना की सूचना दी. सूचना मिलते ही सानौधा थाना प्रभारी भरत सिंह ठाकुर के नेतृत्व में पुलिस बल मौके पर पहुंचा और एसडीआरएफ की टीम ने सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया. लापता युवकों की पहचान सनी अहिरवार (पिता रमेश), राज अहिरवार (पिता साहब), सुमित अहिरवार (पिता फूलचंद), सभी निवासी खुशीपुरा, और निखिल अहिरवार (पिता महेंद्र), निवासी रिछावर के रूप में हुई है. समाचार लिखे जाने तक चारों का पता नहीं चल सका था और तलाशी अभियान जारी है.



## लाड़ली बहनों से सीएम ने बंधवाई राखी

उज्जैन. रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर उज्जैन पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नर्मदा वाटिका में बहनों के साथ पर्व मनाया. इस अवसर पर बहनों ने मुख्यमंत्री को राखी बांधी, वहीं मुख्यमंत्री ने उन्हें मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं.

# हम पर राज करने वालों को हम दे रहे नौकरी

## रायसेन में 416 करोड़ की लागत की औद्योगिक इकाइयों के भूमिपूजन पर बोले सीएम

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 8 अगस्त. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि रायसेन जिले में हो रहा औद्योगिक निवेश मध्यप्रदेश के औद्योगिक परिदृश्य को एक नया आयाम देगा. उन्होंने कहा कि जिन अंग्रेजों ने कभी हमारे भारत पर 300 वर्ष तक शासन किया, अब हमारी कंपनियां उन्हीं को नौकरी पर रख रही हैं.**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह बात शुक्रवार को रायसेन जिले के ग्राम तामोट में 416 करोड़ रुपये की लागत वाली नवीन औद्योगिक इकाइयों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही. तामोट में 300 करोड़ रुपये लागत से 12 हैक्टेयर में 6 नवीन औद्योगिक इकाइयों का भूमिपूजन हुआ और 116 करोड़ रुपये लागत की 6 इकाइयों का लोकार्पण हुआ.

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन सभी औद्योगिक परियोजनाओं से हजारों स्थानीय युवाओं को प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से स्थाई रोजगार मिलेगा. उन्होंने बताया कि 10 अगस्त को केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बीईएमएल रोलिंग स्टॉक फैक्ट्री का भूमिपूजन करेंगे, जो मध्य भारत में ट्रेन कोचेस के निर्माण का प्रमुख केंद्र बनेगा. उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी 25 अगस्त को पीएम मित्रा पार्क का भूमिपूजन करने धार आने वाले हैं.

### इन इकाइयों का हुआ लोकार्पण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा औद्योगिक इकाई मेसर्स जे.बी.एम. ऑटो, मेसर्स श्री बालाजी रोटोपैक, मेसर्स पोलीहोज इंडिया लि., मेसर्स श्री बालाजी माइक्रो प्रिसीशन प्रा.लि., मेसर्स ओम टेलिकॉम लॉजिस्टिक्स तथा भंवरदीप कॉपर स्ट्रीप्स प्रा.लि. का भूमिपूजन किया गया. इसके साथ ही औद्योगिक इकाई मेसर्स टेकफेब इंडिया प्रा.लि., मेसर्स मेजेस्टिक बासमती राइस, मेसर्स धाकड़ इंजीनियरिंग सर्विस, मेसर्स वीयरटेक इंजीनियर्स, मेसर्स इसान इंडस्ट्रीज तथा मेसर्स कनेक्ट वाइड का लोकार्पण किया गया. मुख्यमंत्री द्वारा विनप्रो रिसाइकल्स लि., चोईथराम फूड्स तथा बिलीफ फूड्स प्रा.लि. को आशय पत्र भी वितरित किए गए.

### दुनिया रिसर्च करके हमारी परंपराओं को जान रही

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शनिवार को रक्षाबंधन है. हमारी परंपरा यत् पिंडे तत् ब्रह्मांडे जैसी है. अब दुनिया रिसर्च करके हमारी परंपराओं को जान रही है. प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश-प्रदेश को अनेकों सौगातें मिली हैं. भारतीय रेलवे ने अभूतपूर्व प्रगति की है. देश में वंदेभारत ट्रेन और मेट्रो का नेटवर्क बना है.

# बीजेपी और चुनाव आयोग पर राहुल का हमला



**बेंगलुरु,08 अगस्त. कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शुक्रवार को बेंगलुरु में 'वोट अधिकार रैली' में बीजेपी और चुनाव आयोग पर सीधा हमला बोला. उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी तीसरी बार महज 25 सीटों के अंतर से प्रधानमंत्री बने हैं, जिनमें से 25 सीटें 35 हजार या उससे कम वोटों से जीती गईं. राहुल ने कहा कि अगर हमें इलेक्ट्रॉनिक डेटा मिल जाए, तो साबित कर देंगे कि मोदी चोरी करके प्रधानमंत्री बने हैं.**

कांग्रेस सांसद ने आरोप लगाया कि भाजपा-ईसी की मिलीभगत से देशभर में वोट चोरी हो रही है. कर्नाटक के महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र का उदाहरण देते हुए उन्होंने दावा किया कि वहां 1,00,250 फर्जी वोट बनाए गए, जिससे भाजपा को फायदा हुआ. उन्होंने कहा, हमने एक सीट की सच्चाई निकालने में 6 महीने लगाए. हर नाम और फोटो की जांच की. यह डेटा अपराध का सबूत है, जिसे मिटाने की कोशिश की जा रही है.

### राहुल के दावे को चुनाव आयोग ने बताया भ्रामक

चुनाव आयोग ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के मतदाता सूची में गड़बड़ी के आरोपों को नकारते हुए उन्हें घिसी-पिटी बातें और पुरानी बोतल में नई शराब करार दिया. आयोग ने कहा कि राहुल गांधी का यह दावा 2018 में तत्कालीन मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के आरोपों की पुनरावृत्ति है, जिन्हें अदालत पहले ही खारिज कर चुकी है. आयोग के मुताबिक, 2018 में कमलनाथ ने एक निजी वेबसाइट के दस्तावेजों के आधार पर सुप्रीम कोर्ट को यह दिखाने की कोशिश की थी कि मतदाता सूची में त्रुटियां हैं और 36 मतदाताओं के चेहरे एक जैसे हैं, जबकि ये गलतियां चार महीने पहले ही सुधारी जा चुकी थीं.

### भूपेंद्र यादव ने राहुल गांधी के दावों को बताया झूठा

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के मतदाता सूची से जुड़े आरोपों को बेबुनियाद बताया. भाजपा मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत में यादव ने कहा, राहुल गांधी जिस पेड़ पर बैठे हैं, उसी की डाल काट रहे हैं. यादव ने चुनाव आयोग के कर्मचारियों के खिलाफ राहुल गांधी द्वारा इस्तेमाल की गई भाषा पर आपत्ति जताई और पूछा कि क्या किसी संवैधानिक संस्था के खिलाफ इस तरह के बयान उचित हैं.

# कार खाई में गिरने से छह की मौत

- दो बच्चों समेत सभी सवारों ने मौके पर ही तोड़ा दम
- प्रशासन को रेस्क्यू में काफी मशक्कत करनी पड़ी



**चंबा, 08 अगस्त . उपमंडल चुराह में गुरुवार देर रात हुए दर्दनाक सड़क हादसे में दो बच्चों समेत छह लोगों की मौत हो गई. भंजराडू-शहवा-भड़कवास मार्ग पर पधरी के पास एक कार अनियंत्रित होकर करीब 500 मीटर गहरी खाई में जा गिरी. टक्कर इतनी भीषण थी कि वाहन के परखच्चे उड़ गए और सभी सवारों की मौके पर ही मौत हो गई.**

मृतकों की पहचान राजेश कुमार (40), उनकी पत्नी हंसो (36), बेटी आरती (17), बेटा दीपक (15) निवासी बुलवास, राकेश कुमार (44) निवासी बुलवास और हेम पाल (37) निवासी सलांचा के रूप में हुई है. सभी चुराह तहसील, जिला चंबा के रहने वाले थे. स्थानीय लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस व प्रशासन को दी, लेकिन रात व दुर्गम क्षेत्र के कारण रेस्क्यू में काफी मशक्कत करनी पड़ी. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

चंबा एसपी अभिषेक यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच में वाहन के अनियंत्रित होने की संभावना है. मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने हादसे पर शोक व्यक्त करते हुए शोकाकुल परिजनों के प्रति संवेदनाएं जताईं और लोगों से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील की.

**वार्ता** ▶ ट्रंप के टैरिफ से भारतीय उत्पादों पर आयात शुल्क बढ़ाने की घोषणा के बीच यह बातचीत रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण

# मोदी-पुतिन ने साझेदारी मजबूत करने का संकल्प दोहराया

**नई दिल्ली, 8 अगस्त. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से टेलीफोन पर बातचीत कर परस्पर हित के मुद्दों और वैश्विक परिदृश्यों पर चर्चा की. यह वार्ता ऐसे समय हुई जब एक दिन पहले ही राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने मास्को में राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात की थी.**

प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, श्री पुतिन ने वार्ता के दौरान श्री मोदी को यूक्रेन से जुड़े नवीनतम घटनाक्रमों से अवगत कराया. श्री मोदी ने उनके विस्तृत आकलन के लिए धन्यवाद देते हुए रूस-यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के लिए भारत के स्थायी और संतुलित रुख को पुन: स्पष्ट किया.




दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों की प्रगति की समीक्षा की और भारत-रूस के बीच विशेष एवं विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और प्रगाढ़ करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की. रक्षा, ऊर्जा, व्यापार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में सहयोग को आगे बढ़ाने पर भी चर्चा हुई.

प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति पुतिन को वर्ष के अंत में आयोजित होने वाले 23वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में भारत आने का निमंत्रण दिया, जिसे पुतिन ने स्वीकार किया. विशेषज्ञों के मुताबिक, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारतीय उत्पादों पर आयात शुल्क बढ़ाने की घोषणा के बीच यह बातचीत रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है. भारत और रूस के बीच मजबूत साझेदारी अंतरराष्ट्रीय चुनौतियों के बीच आर्थिक, सुरक्षा और कूटनीतिक संतुलन बनाए रखने में अहम भूमिका निभा सकती है.

### रक्षा वार्ता रोकने की खबरों को किया खारिज

भारत ने साफ किया है कि उसने अमेरिका के साथ रक्षा खरीद से जुड़ी बातचीत बंद नहीं की है. रक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने शुक्रवार को कहा कि इस संबंध में मीडिया में आई रिपोर्टें गलत और मनगढ़ंत हैं. सूत्रों के अनुसार, रक्षा सौदों से संबंधित सभी मामले तय प्रक्रिया के तहत प्रगति पर हैं.

### राजनाथ सिंह का अमेरिका दौरा रद्द



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की निकट भविष्य में प्रस्तावित अमेरिका यात्रा रद्द कर दी गई है. इस दौरे के दौरान अमेरिकी रक्षा सौदों की घोषणा होनी थी. सूत्रों के अनुसार, खरीद रोकने के लिए औपचारिक आदेश जारी नहीं हुए हैं, जिससे यह संकेत मिलता है कि दिल्ली के पास अपना रुख बदलने का विकल्प अभी खुला है, लेकिन वर्तमान में कोई भी डील आगे नहीं बढ़ रही है.

## बस पर पेड़ गिरने से पांच लोगों की मौत

**बाराबंकी, 8 अगस्त.** हैदरगढ़ मार्ग पर गुरुवार सुबह रोडवेज की अनुबंधित बस पर गूलर का पेड़ गिरने से चार महिलाओं समेत पांच लोगों की मौत हो गई. मृतकों में एक महिला की पहचान शहर के मोहल्ला गुलरिया गार्दा निवासी शिक्षा मेहरोत्रा (53) के रूप में हुई है. हादसा जैदपुर थाना क्षेत्र के हरख गांव में बारिश के दौरान हुआ. पेड़ बस के अगले हिस्से पर गिरा,जिससे वह क्षतिग्रस्त हो गया. बस में 40 यात्री सवार थे. कई लोग खिड़की से कूदकर बाहर निकले. ग्रामीणों और वन विभाग ने पेड़ काटकर घायलों को निकाला. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के परिजनों को 5 लाख रुपए मुआवजा और घायलों के इलाज के निर्देश दिए.